# मुख्यमंत्री ने दी महात्मा गांधी को पुष्पांजलि

## स्वच्छता अभियान में भी लिया भाग



**हिमाचलवार्ता समाचार सेवा**

**शिमला।** मुख्यमंत्री जय राम ठाकुर व प्रदेश के अन्य विभिन्न नेताओं तथा समाज के विभिन्न क्षेत्रों के लोगों ने ऐतिहासिक रिज मैदान में 150वीं गांधी जयन्ती पर महात्मा गांधी के स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की।

मुख्यमंत्रीं ने इस अवसर पर स्वच्छता अभियान के दौरान उपस्थित लोगों को 'स्वच्छ भारत' के सपने को साकार करने के लिए 'स्वच्छता शपथ' दिलाई। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर नशाखोरी के खिलाफ तथा जागरूकता के लिए स्कूल के विद्यार्थियों की रैली-दौड़ को भी हरी झण्डी दिखाई।

मुख्यमंत्री ने शिक्षा मंत्री सुरेश भारद्वाज तथा पार्षदों सहित अन्य नेताओं के साथ भूतपूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री की 114वीं जयन्ती के अवसर पर उनके स्मारक पर भी पुष्पांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने कहा कि शास्त्री जी शांति व सौहार्द के प्रेरणास्रोत थे।

इस अवसर पर सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग के कलाकारों ने महात्मा गांधी के जीवन से सम्बन्धित भक्तिमय गीत प्रस्तुत किए।

इससे पूर्व, मुख्यमंत्री ने गांधी जयन्ती के अवसर पर संजौली में स्वच्छता अभियान में शिमला नगर निगम की महापौर कुसुम सदरेट, उप महापौर राकेश शर्मा तथा पार्षदों के साथ भाग लिया। स्वच्छता अभियान में स्कूली छात्रों ने उत्साह के साथ भाग लिया।

जय राम ठाकुर ने सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग की मासिक पत्रिका 'हिमप्रस्थ' के विशेषांक का भी विमोचन किया। इस विशेषांक में 1921 से लेकर 1945 तक गांधी जी द्वारा शिमला के दौरों से सम्बन्धित विभिन्न रोचक कहानियां सम्मिलित हैं।

पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह, चीफ व्हिप तथा विधायक नरेन्द्र बरागटा, विधायक नन्द लाल, विक्रमादित्य सिंह तथा बलवीर वर्मा, मुख्य सचिव बी.के. अग्रवाल, मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार त्रिलोक जम्वाल, मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव संजय कुंडू, उपायुक्त शिमला अमित कश्यप, निदेशक सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग अनुपम कश्यप, पुलिस अधीक्षक शिमला ओमापति जम्वाल तथा समाज के विभिन्न क्षेत्रों के लोगों ने महात्मा गांधी तथा श्री लाल बहादुर शास्त्री को पुष्पांजलि अर्पित की।

# सीएम ने लिया आईएसए तथा रिइन्वेस्ट 2018 के उद्घाटन समारोह में भाग



**हिमाचलवार्ता समाचार सेवा**

**शिमला/नयी दिल्ली।** मुख्यमंत्री जय राम ठाकुर ने नयी दिल्ली में 2 से 5 अक्तूबर, 2018 तक आयोजित किए जा रहे अन्तरराष्ट्रीय सौर गठबन्धन (आईएसए) की प्रथम बैठक, द्वितीय इण्डियन ओशन रिम एसोसिएशन (आईओआरए) नवीनीकरणीय ऊर्जा मंत्री-स्तरीय बैठक तथा द्वितीय वैश्विक नवीनीकरणीय ऊर्जा निवेश बैठक एवं एक्सपो (रिइन्वेस्ट-2018) के उदघाटन समारोह में भाग लिया।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नई दिल्ली के विज्ञान भवन में संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस की उपस्थिति में इन तीन आयोजनों का संयुक्त रूप से आयोजित किए गए समारोह में उदघाटन किया।

आईएसए की बैठक, आईओआरए बैठक तथा रिइन्वेस्ट-2018 एक्सपो के व्यापारिक तथा तकनीकी सत्र 3 अक्तूबर, 2018 से उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा में इण्डिया एक्सपो मार्ट में आयोजित किए जाएंगे।

प्रथम बैठक में वैश्विक सौर एजेंडा की नींव रखी जाएगी तथा किफायती दरों पर वैश्विक ऊर्जा प्राप्त करने के लिए सौर ऊर्जा का दोहन करने की प्रक्रिया को गति प्रदान की जाएगी। बैठक में विभिन्न प्रशासनिक वित्तीय तथा कार्यक्रम सम्बन्धी मुद्दों पर विचार किया जाएगा।

द्वितीय रिइन्वेस्ट का लक्ष्य नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ाने व वैश्विक समुदाय को भारतीय ऊर्जा हितधारकों से जोड़ने के लिए विश्वव्यापी प्रयास में गति प्रदान करने का है। तीन दिवसीय सम्मेलन में नवीकरणीय, क्लीनटैक और भविष्य के ऊर्जा विकल्पों पर चर्चा एवं नवीकरणीय सम्बन्धित निर्माताओं, डिवेल्परों, निवेशकों तथा प्रवर्तकों पर चर्चा की जाएगी।

यह विभिन्न सगठनों को भारत में प्रमुख हितकारकों के साथ सहयोग को सुविधाजनक बनाने के अतिरिक्त अपनी व्यावसायिक रणनीतियों, उपलबधियों और अपेक्षाओं को प्रदर्शित करने का भारत में एक शानदार अवसर प्रदान करेगा, जो आज दुनिया के सबसे बड़े नवीकरणीय ऊर्जा बाजार के रूप में उभरा हैं।

ऊर्जा मंत्री अनिल शर्मा, सांसद राम स्वरूप शर्मा, अतिरक्त मुख्य सचिव तथा मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ. श्रीकांत बाल्दी, प्रधान सचिव ऊर्जा प्रबोध सक्सेना, उप-आवासीय आयुक्त विवेक महाजन भी इस कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री के साथ उपस्थित थे।

# जीवन में लक्ष्य प्राप्त करने के लिए समर्पण व प्रतिबद्धता से कार्य करें : मुख्यमंत्री

**हिमाचलवार्ता समाचार सेवा**

**शिमला।** मुख्यमंत्री जय राम ठाकुर ने यहां शिमला मण्डी मित्र मण्डल द्वारा आयोजित एक समारोह के दौरान लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि व्यक्ति को अपनी संस्कृति तथा परम्पराओं से जुड़े रहना चाहिए, क्योंकि केवल वे समाज ही उन्नति कर पाते है, जो अपनी संस्कृति का सम्मान करते हैं।

जय राम ठाकुर ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन जिला मण्डी के लोगों को अपनी सामूहिक समस्याओं तथा आपसी हितों के मुद्दों पर विचार करने का एक सांझा मंच उपलब्ध करवाने का अवसर प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि व्यक्ति को जीवन में लक्ष्य प्राप्त करने के लिए समर्पण एवं प्रतिबद्धता से कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस समारोह को मण्डी मित्र मण्डल द्वारा काफी समय के उपरान्त आयोजित किया गया है। उन्होंने कहा कि जिला मण्डी की अपनी विशेष संस्कृति एवं परम्पराएं है तथा इस तरह के आयोजन इनके संरक्षण का अवसर प्रदान करते हैं। व्यक्ति जीवन में चाहे कुछ भी प्राप्त कर ले तथा जीवन में किसी भी मुकाम पर पहुंच जाए लेकिन उसे अपनी जड़ों अर्थात अपनी संस्कृति व परम्पराओं से जुड़े रहना चाहिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान सरकार के कार्यकाल के नौ महीने उपलबधियों तथा सफलताओं से परिपूर्ण है। उन्होंने कहा कि वह प्रदेश के समग्र विकास के एकमात्र उद्देश्य से उपेक्षित किए गए क्षेत्रों पर विशेष बल देते हुए कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वह समाज के विभिन्न क्षेत्रों से नए विचारों तथा सुझावों का स्वागत करते हैं।

मुख्यमंत्री ने मण्डी मित्र मण्डल के सदस्यों को आश्वासन दिया कि मण्डी मित्र मण्डल गृह के निर्माण के लिए हर सम्भव सहायता प्रदान करेगे ताकि शिमला आने वाले मण्डी के लोगों को रहने के लिए उचित स्थान प्राप्त हो। उन्होंने कहा कि जिला मण्डी में हवाई अड्डे के निर्माण के लिए भी प्रयास किए जा रहे हैं तथा राज्य सरकार ने जिले में हवाई अड्डे के लिए सर्वेक्षण करवाने के लिए एक करोड़ रुपये जारी कर दिए है। प्रदेश सरकार यह सुनिश्चित बनाएगी कि जिला मण्डी प्रदेश का प्रमुख पर्यटन गंतव्य बन कर उभरे।

जय राम ठाकुर ने इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले स्कूली छात्रों को अपनी ऐच्छिक निधि से 31000 रुपये प्रदान करने की घोषणा की।

मण्डी मित्र मण्डल के अध्यक्ष बी.डी. पाठक ने मुख्यमंत्री का स्वागत करते हुए कहा कि मण्डी के लोग बहुत भाग्यशाली है कि पहली बार प्रदेश के मुख्यमंत्री जिला मण्डी से हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश के लोग विशेषकर जिला मण्डी के लोगों को मुख्यमंत्री से बहुत उम्मीदे हैं।

मण्डी मित्र मण्डल के संरक्षक आर.के. वर्मा ने इस अवसर पर मुख्यमंत्री तथा अन्य गणमान्यों का स्वागत किया।

इस अवसर पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया।

समारोह के दौरान मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी डॉ. साधना ठाकुर, सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री महेन्द्र सिंह ठाकुर, विधायक कर्नल इन्द्र सिंह, राकेश जम्वाल, इन्द्र सिंह गांधी, पवन नैयर तथा हीरा लाल, सांसद रामस्वरूप शर्मा, पूर्व मंत्री कौल सिंह ठाकुर, मिल्कफेड के अध्यक्ष निहाल चन्द शर्मा, बाल कल्याण परिषद की महासचिव पायल वैद्य, मुख्य सचिव बी.के. अग्रवाल, मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव संजय कुंडू, युवा सेवाएं एवं खेल के सचिव दिनेश मल्होत्रा, मुख्यमंत्री के प्रधान निजी सचिव एवं विशेष सचिव विनय सिंह, निदेशक सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग अनुपम कश्यप, मण्डी मित्र मण्डल के उपाध्यक्ष अरूण शिटक व महासचिव टी.एस.वर्मा भी अन्य गणमान्यों सहित उपस्थित थे।

# लोक निर्माण विभाग में गुणवत्ता एवं पारदर्शिता लाने के लिए नई पहल

**हिमाचलवार्ता समाचार सेवा**

**शिमला।** अतिरिक्त मुख्य सचिव (लो.नि. एवं राजस्व) मनीषा नंदा ने कहा कि हि.प्र. लोक निर्माण विभाग विश्व बैंक द्वारा पोषित हिमाचल प्रदेश सड़क परियोजना के अन्तर्गत विभिन्न सड़कों एवं पुलों की विस्तृत सूचि एवं इनकी वस्तुस्थिति का समयबद्ध सर्वेक्षण एवं मॉनिटरिंग अब कम्पयूटीकृत प्रणाली द्वारा करेगा। वह यहां सड़क परियोजना की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रही थी। उन्होंने कहा कि इसके लिए एक सॉफ्टवेयर तैयार किया जा रहा हैं जिसमें सात मॉडयूल हैं। इनमें सड़क सूचना प्रणाली, पुल सूचना प्रणाली, यातायात सूचना प्रणाली इत्यादि शामिल है, जिनमें पूरे प्रदेश की सड़कों एवं पुलों का डाटा समाहित होगा। सड़कों की वस्तुस्थिति के आंकड़ों के एकत्रीकरण का यह कार्य अत्याधुनिक उपकरणों के द्वारा किया जा रहा है जिन्हें हिमाचल प्रदेश सड़क एवं अवसंरचना विकास निगम द्वारा विभाग को उक्त परियोजना के अन्तर्गत उपलब्ध करवाया गया है।